एक साल का बंधन, छह महीने में फिर अपराध... आखिर भरना पड़ा 10 हजार

▶ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के बाद भी अपराध का मामला

नव भारत न्यूज

रतलाम। अपराधों पर रोक लगाने के लिए एक साल के लिए बाउंड ओवर किए गए आरोपी ने छह महीने में ही दोबारा अपराध कर दिया। बाउंड ओवर की शर्तों का उल्लंघन करने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आलोट के न्यायालय ने शीशाखेड़ी निवासी प्रभुलाल पिता पीरुलाल सूर्यवंशी (52) पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। पुलिस ने 18 सितंबर को जुर्माने की राशि वसूल की।

पुलिस के अनुसार प्रभुलाल के खिलाफ थाना आलोट में विभिन्न धाराओं में कई अपराध दर्ज होने के कारण उसे वर्ष 2023 से गुंडा सूची में रखा गया था। इसके बाद पुलिस ने 10 दिसंबर 2025 को धारा 129 बीएनएसएस के तहत इस्तगासा क्रमांक 117/2025 तैयार कर एसडीओ राजस्व के न्यायालय में पेश किया था। प्रकरण क्रमांक 53/धारा 129/2026 में सुनवाई के बाद 20 जनवरी 2026 से 20 जनवरी 2027 तक एक वर्ष के लिए प्रभुलाल को बाउंड ओवर किया गया था। इसके लिए 10 हजार रुपए का बंधपत्र भी निष्पादित कराया गया था।

बाउंड ओवर अवधि के दौरान 15 जून 2026 को प्रभुलाल के खिलाफ अपराध क्रमांक 316/2026 दर्ज हुआ। इसमें धारा 115(2), 296(बी), 351(2) और 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने इसे बाउंड ओवर का उल्लंघन मानते हुए 22 जून को धारा 141 बीएनएसएस के तहत इस्तगासा क्रमांक 01/2026 तैयार किया और 23 जून को प्रकरण क्रमांक 02/2026 में एसडीओ राजस्व आलोट के न्यायालय में पेश किया।

इसके बाद पुलिस ने समय-समय पर आरोपी को न्यायालयीन नोटिस तामील कराए। मामले की कार्रवाई के बाद एसडीओ राजस्व आलोट ने बाउंड ओवर की शर्तों का उल्लंघन पाए जाने पर 18 सितंबर को प्रभुलाल से 10 हजार रुपए का जुर्माना वसूल कराया। पुलिस के अनुसार कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल और एसडीओ पुलिस पल्लवी गौर के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मुनेन्द्र गौतम, निरीक्षक योगेश पाटीदार, उपनिरीक्षक प्रमोद राठौर, प्रधान आरक्षक राहुल राठौर, आरक्षक सुरेंद्र सिंह और आरक्षक लोकेन्द्र की भूमिका रही।

उल्लंघन पर नोटिस के बाद 10 हजार रूपए वसूले

पुलिस ने समय-समय पर आरोपी को न्यायालयीन नोटिस तामील कराए। मामले की कार्रवाई के बाद एसडीओ राजस्व आलोट ने बाउंड ओवर की शर्तों का उल्लंघन पाए जाने पर 18 सितंबर को प्रभुलाल से 10 हजार रुपए का जुर्माना वसूल कराया।

वडनगर से वाराणसी सेवा संकल्प यात्रा का रतलाम जिले में प्रवेश

▶ सैलाना में हितग्राहियों का सम्मान व रक्तदान शिविर

नव भारत न्यूज

रतलाम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लोकसेवक के रूप के 25 वर्ष पूर्ण करने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा वडनगर (गुजरात) से वाराणसी (उत्तरप्रदेश) तक निकाली जा रही सेवा संकल्प अभियान यात्रा राजस्थान के दानपुर से मध्य प्रदेश के रतलाम जिले मे प्रवेश हुआ। यह यात्रा कुंडा, सरवन होते हुए सैलाना के ओशिन परिसर पहुंची। इसके बाद यात्रा अपने अगले पड़ाव नामली नगर पहुंची, जहाँ विभिन्न जनसेवा व जागरूकता

कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

रतलाम जिले मे यात्रा की अगवानी भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष पवन शर्मा, पूर्व विधायक संगीता चारेल, वरिष्ठ नेता शैतान सिंह पटेल, नारायण सिंह मईडा, जिला उपाध्यक्ष क्रांति जोशी, भाजयुमो अनुकूल सोनी, महामंत्री कृष्णा डिंडोर, अ.जा. मोर्चा जिलाध्यक्ष गोविंद डामोर, सांसद प्रतिनिधि संजय टांक, जनपद अध्यक्ष केलाशी चारेल, मंडल अध्यक्ष भूर सिंह निनामा, अ.ज.जा. मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष शंभू सिंह गणावा आदि के की। यात्रा कि 25 बाइक सवार शामिल है। विभिन्न ग्रामों मे होकर सैलाना पहुँचे।

सैलाना स्थित ओशिन परिसर में यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यहाँ आयोजित कार्यक्रम में केंद्र व प्रदेश शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं (जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना व पेंशन योजना) के हितग्राहियों को शॉल व श्रीफल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन भी हुआ, जिसमें स्थानीय लोगों व कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि जावरा विधायक राजेंद्र पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, पूर्व भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष विशाल पटेल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अनुकूल सोनी, पूर्व विधायक संगीता चारेल, जनपद अध्यक्ष कैलाशी रामचंद्र चारेल सहित प्रशासनिक अधिकारी व बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महिला आईटीआई रतलाम में करियर काउंसलिंग आयोजित

रतलाम। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय, रतलाम द्वारा महिला शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) रतलाम में एक दिवसीय करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर अजय कटेसरिया द्वारा चयनित विषय विशेषज्ञों के 34 छात्र-छात्राओं को आईटीआई के बाद रोजगार, अप्रेंटिसशिप, स्वरोजगार एवं शासकीय सेवाओं के अवसरों की जानकारी दी। जिला रोजगार अधिकारी अभिषेक कटारा ने छात्राओं को करियर में आगे बढ़ने और सकारात्मक सोच के साथ निरंतर प्रयास के द्वारा सफलता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

चेकिंग में मिला चाकू तो पुलिसकर्मी को युवक ने जड़ा थप्पड़

रतलाम। जिले के शिवगढ़ में सोमवार दोपहर तेजा दशमी के जुलूस के दौरान चेकिंग में चाकू मिलने के बाद हंगामा हो गया। पुलिस के अनुसार बंटू पुत्र थावरा (20)निवासी बरड़ा थाना सरवन से पुलिसकर्मी चाकू मिलने पर पूछताछ कर रहे थे, तभी उसके साथी मिथुन (19) निवासी खेरखूंटा थाना सरवन ने आरक्षक कंवरलाल को चांटा मार दिया। उसे पकड़ने की कोशिश की तो युवक ने आरक्षक का गला पकड़ लिया। आरक्षक कंवरलाल और नितेश जाटव ने युवक को पकड़कर उसे काबू में किया। इस दौरान भी वह पुलिस से बदतमीजी करता रहा। घटना का वीडियो मंगलवार को सामने आया और तेजी से वायरल हो गया। हालांकि पुलिस ने आरोपित युवक पर प्रकरण दर्ज नहीं किया और उसे माफी मांगने के बाद छोड़ दिया। मामले में एसपी अमित कुमार ने मामले की जांच एसडीओपी से कराने व आरक्षक की ओर से एफआईआर दर्ज कराने की बात कही है। बंटू के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी रणजीतसिंह मकवाना ने बताया कि चाकू मिलने वाले बंटू के दोस्त मिथुन ने विवाद करते हुए आरक्षक से मारपीट की।

एक नजर में

मददगार बनी डायल 112 : मेले से लौटते समय टेंपो पलटा और कार हादसे के घायल 5 लोगों को अस्पताल पहुंचाया

रतलाम। हादसे की जानकारी मिलने पर लगातार डायल 112 के दल पहुंचकर लोगों की मदद कर रहा है और जीवन बचा रहा हैं। दो हादसों में भी डायल 112 के पुलिस जवानों ने पहुंचकर मदद की। जानकारी के अनुसार सोमवार को सरवन थाना क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोग घायल हो गए। दोनों घटनाओं में डायल-112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर घायलों को सरवन अस्पताल पहुंचाया। पहली घटना शाम 5 :07 बजे ग्राम साकड़ के पास हुई। ग्राम खादन से तेजा दशमी का मेला देखने आए लोग टेंपो से लौट रहे थे। इस दौरान टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में कृपा (पिता राजू मचार) और पीरू (पिता मोहन चरपोटा), दोनों निवासी खादन घायल हो गई। दूसरी घटना शाम 7 :18 बजे विरियाखेड़ी-चावड़ाखेड़ी क्षेत्र में हुई। सड़क पर जा रहे तीन लोगों को पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी। हादसे में सुभाष मानसिंह, सूरज बीमा डामोर और समरत निनामा घायल हुए। सभी घायलों को डायल-112 की टीम ने सरवन अस्पताल में भर्ती कराया।

जिले में विभिन्न कार्यालयों में हुई जनसुनवाई

रतलाम। प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई के तहत आज जिले में विभिन्न विकेन्द्रीकृत केन्द्रों पर जनसुनवाई आयोजित की गई। प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित जनसुनवाई में अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं सुनी तथा प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही की। नगर पालिक निगम रतलाम क्षेत्र कार्यालय, रतलाम, जावरा, सैलाना एवं आलोट अनुविभाग कार्यालय तथा बाजना एवं पिपलौदा विकासखंड कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित हुई। संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं। जनसुनवाई में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, खाद्य, सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, कृषि, विद्युत सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों द्वारा आवेदनों को दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की गई तथा जिन प्रकरणों का निराकरण मौके पर संभव था, उनका निराकरण किया गया। जनसुनवाई में संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही आवेदकों को उनके प्रकरण में की जा रही कार्यवाही से अवगत कराने के लिए भी कहा गया।

मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया

रतलाम। औषधि निरीक्षक बलराम चौधरी द्वारा तहसील ताल में मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण के दौरान श्री राधे मेडिकल एवं आदित्य मेडिकल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रमुखता से नारकोटिक्स औषधियों की उपलब्धता एवं उनके क्रय-विक्रय की जांच की गई। ट्रामाडोल टैबलेट एवं एविल इंजेक्शन के क्रय-विक्रय के अभिलेखों की जांच की गई। साथ ही उपलब्ध स्टॉक के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड 3 दिवस में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर पर उचित स्थान पर लाइसेंस का प्रदर्शन, दुकानों पर फार्मासिस्ट की उपलब्धता, दुकानों की साफ-सफाई, एक्सपायरी दवाओं के लिए उचित व्यवस्था, स्टॉक रजिस्टर तथा फ्रिज में संधारित की जाने वाली औषधियों के रख-रखाव, बिना पंजीकृत चिकित्सक के पर्चे के शेड्यूल औषधियों का विक्रय नहीं किए जाने तथा औषधियों के क्रय-विक्रय संबंधी अभिलेखों का नियमानुसार संधारण करने संबंधी दिशा-निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत आज गुलाब चक्कर में लगेगा सोलर कैंप

रतलाम। एसी एमपीईबी मनोज शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत नागरिकों को योजना की जानकारी एवं पंजीयन में सहायता उपलब्ध कराने के लिए 23 सितंबर 2026 बुधवार को सोलर कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप का आयोजन गुलाब चक्कर पुराना कलेक्ट्रेट के पीछे रतलाम में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत 3 किलोवाट तक के सोलर रूफटॉप सिस्टम पर सरकार द्वारा 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी का प्रावधान है। कैंप में नागरिकों को योजना की पूरी जानकारी देने के साथ पंजीयन में सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। कैंप में विशेषज्ञ टीम द्वारा घर की छत की पात्रता की जांच की जाएगी। इसके साथ ही बैंक लोन से संबंधित मार्गदर्शन तथा अनुमोदन प्रक्रिया की जानकारी भी दी जाएगी। नागरिकों को योजना का लाभ लेने की प्रक्रिया और आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए विशेषज्ञ टीम मार्गदर्शन करेगी।

माँ तुझे प्रणाम योजना के तहत चयनित युवा भ्रमण के लिए रवाना

रतलाम। जिला खेल अधिकारी रुचि शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार संचालित 'माँ तुझे प्रणाम योजना' के अंतर्गत खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा चयनित युवाओं को राज्य की सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय धरोहरों से परिचित कराने हेतु भ्रमण के लिए रवाना किया गया। योजना के अंतर्गत आलोट से विराट राज सिंह सोलंकी, पुरुषोतम गोयल, राजपाल डोडिया, भारत एवं तरुण पाटीदार का चयन किया गया है। चयनित युवा राज्य की सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय धरोहरों का भ्रमण कर देश की गौरवशाली विरासत एवं राष्ट्रीय एकता के प्रतीक स्थलों से परिचित होंगे।

छात्रों का आरोप- गरबा में बाहरी घुसे तो हंगामा, अब कॉलेज में डर का माहौल

▶ विधि महाविद्यालय के गणेशोत्सव कार्यक्रम में अभद्रता के आरोप

नव भारत न्यूज

रतलाम। गणेशोत्सव के तहत विधि महाविद्यालय में आयोजित गरबा कार्यक्रम में बाहरी लोगों के प्रवेश और हंगामे को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। 21 सितंबर की घटना के बाद महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से प्रशासन के सामने शिकायत रखी है। कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार आशीष उपाध्याय को दिए ज्ञापन में विद्यार्थियों ने निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और कॉलेज परिसर में सुरक्षा की गारंटी

मांगी है। विद्यार्थियों के अनुसार महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में प्रबंधन की अनुमति से गणेशोत्सव के तहत सांस्कृतिक और गरबा कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान सुनील राठौड़, गन्नी शक्तावत, ऋषभ सुराणा सहित कुछ अन्य लोगों के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद विवाद की स्थिति बनी। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि कार्यक्रम में व्यवधान डालने के साथ छात्र-छात्राओं और प्राचार्या के साथ अभद्र एवं धमकी भरा व्यवहार किया गया।

घटना के बाद विद्यार्थियों ने कॉलेज में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि यदि बाहरी लोगों का इस तरह प्रवेश होता रहा तो महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। ज्ञापन में कहा गया है कि कार्यक्रम को 'कपल गरबा' और पैसे लेकर प्रवेश देने से जोड़कर लगाए जा रहे आरोपों की भी तथ्यात्मक जांच होनी चाहिए। विद्यार्थियों ने प्रशासन से उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है।

अल्पसंख्यक मोर्चे के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष ने की एमएसएमई मंत्री काश्यप से सौजन्य भेंट

रतलाम। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष इब्राहिम शेरानी ने आज भोपाल में एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप से सौजन्य भेंट कर उनका अभिवादन किया और आशीर्वाद लिया। श्री काश्यप ने स्वागत कर बधाई दी। श्री शेरानी के रुप में पहली बार अल्पसंख्यक मोर्चा में रतलाम से प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया है। शेरानी के साथ मंसूर जामदार, प्रो. इमरान हुसैन, रेहान शेख, बब्लू पटेल, शाहिद अंसारी, इरशाद खान, इस्माइल खान, अब्दुल खान, शरीफ खान, रशीद खान, जुनैद खान, साजिद रायल, इरशाद अहमद और असलम खान आदि भी उपस्थित रहे।

गणेश उत्सव : बप्पा के दरबार में महाआरती में उमड़े भक्तजन

नव भारत न्यूज

रतलाम। प्रथम पूज्य गौरीनंदन भगवान श्रीगणेश के उत्सव में प्रतिदिन पांडाल में भक्तों की भीड़ उमडने लगी है। दीनदयाल नगर में दीनदयाल मित्र मंडल द्वारा गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। मित्र मंडल के संयोजक अमित उपाध्याय ने बताया कि दिनदयाल नगर में निरंतर 17 वर्षो से गणेश उत्सव के सफल आयोजन के पश्चात इस 18 वें वर्ष में भी हर्षोल्लास से गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन भजन, आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में आज 56 भोग एवं महाआरती का आयोजन किया गया। 56 भोग एवं महाआरती उत्सव में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी। आयोजन में क्षेत्रवासियों सहित अन्य क्षेत्रों से भक्तजनों द्वारा महाआरती में शामिल होकर धर्म लाभ लिया। आपने बताया कि प्रतिदिन आरती पश्चात गणगौर महिला मण्डल द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाती है तथा प्रतिदिन अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किए जाते है। इस अवसर पर अमित उपाध्याय, अमन जैन, सौरभ त्रिपाठी, यश पोरवाल, परिक्षित गोयल, यश जोशी, गौतम राठौर, मयूर त्रिपाठी, भावीन सोनी, मोहित गुप्ता, कार्तिक मौर्य, आर्यन राठौड़, पंकज बघेल, अतिभी उपाध्याय, वैदिका पोरवाल, श्रद्धा साल्वी, पिंकी बघेल एवं पूरी गणगौर महिला भजन भक्त मंडली सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

धामनोद के पास बाइक से गिरे सैलाना के मुकेश, सिर में चोंट से मौत

▶ टीवीएस शोरूम में काम करने निकले थे मुकेश

नव भारत न्यूज

सैलाना। रतलाम स्थित टीवीएस शोरूम में काम करने वाले सैलाना निवासी मुकेश नागदिया की धामनोद के नजदीक सड़क हादसे में मौत हो गई। रोज की तरह बाइक से काम पर जा रहे मुकेश अचानक बाइक से गिर गए। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट आई। सूचना

मिलने पर उन्हें तत्काल सैलाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार नगर के विवेकानंद मार्ग निवासी मुकेश (50) पिता कारूलाल नागदिया रतलाम स्थित टीवीएस शोरूम में काम करते थे। मंगलवार को वे रोज की तरह बाइक से रतलाम के लिए निकले थे। इसी दौरान धामनोद के पास अचानक चक्कर आने से वे बाइक सहित सड़क पर गिर गए। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। घटना की सूचना मिलने पर उन्हें तत्काल 112 वाहन की मदद से सैलाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां ड्यूटी डॉक्टर जितेंद्र रायकवार ने परीक्षण किया, लेकिन तब तक मुकेश की मौत हो चुकी थी। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन और समाजजन बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचे। मुकेश की अचानक मौत की खबर से नगर के विवेकानंद मार्ग सहित पूरे सैलाना में शोक की लहर फैल गई। पुलिस द्वारा मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

गुरु दर्शन यात्रा : धर्म प्रभावना के साथ आराधकों ने पहुंचकर पचखान लिए

नव भारत न्यूज

सैलाना। श्री वर्धमान स्थानक वासी जैन श्री संघ के तत्वाधान में श्री संघ अध्यक्ष राजेश सियाल द्वारा गुरु भगवंतों के आशीर्वाद प्राप्त करने ,अमृतवाणी श्रवण करने के लिए दर्शन यात्रा का भव्य आयोजन किया गया।

सुबह 5 बजे छोटा जैन मंदिर से दो बसों तथा करीब 6 चार पहिया वाहनों के साथ गुरु भक्तों ने जय गुरु उमेश,जय गुरु जिनेन्द्र,जय महावीर तथा नवकार महामंत्र के उच्चारण के साथ इस यात्रा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर श्री संघ सैलाना में पूज्या महासतीयां अनुपमशिला जी आदि ठाणा 7 की पावन निश्रा में अनुपम अनुभूति वर्षावास के तहत चल रही तप आराधना के 4 तपस्वी रत्न भी इस दर्शन यात्रा में धर्म लाभ लेने साथ थे।

जिनशासन गौरव आचार्य प्रवर पूज्य गुरुदेव श्री उमेशमुनिजी महाराज के सुशिष्य धर्मदास गणनायक प्रवर्तक पूज्य श्री जिनेंद्रमुनिजी, पूज्य अभयमुनिजी, पूज्य अतिशयमुनिजी,पूज्य शुभेशमुनिजी, पूज्य अनिशमुनिजी,पूज्य ललितमुनिजी ,पूज्य निर्वेदमुनिजी म.सा ., पूज्य नंदराजमुनिजी आदि ठाणा 8 सामूहिक संवत्सरी संबंधी क्षमा याचना के साथ दर्शन वंदन कर अमृतवाणी का लाभ लिया।

इस अवसर पर गुरुदेव श्री जिनेन्द्र मुनिजी के मुखारविंद से तपस्वी हिना अभिनव सियाल 21, सारिका रितेश संघवी 21,कु निराली अभय मोगरा 16 तथा सौरभ रखब चंद मांडोत ने 15 उपवास के प्रत्याख्यान ग्रहण किए। इस अवसर पर ताल श्री संघ द्वारा चारों तपस्वियों का बहुमान करते हुए तपस्या की अनुमोदना की। दोपहर में गुरुदेव की ध्यान मांगलिक पश्चात दर्शन यात्रा खाचरोद पहुंची।

पुण्य पुंज पूज्या पुण्यशिला जी आदि ठाणा के दर्शन और प्रवचन,सामायिक आदि के साथ सामूहिक संवत्सरी संबंधी क्षमा याचना कर धर्म लाभ लिया।सैलाना श्री संघ के श्रावक श्राविकाओं ने खाचरौद में 65 उपवास गतिमान की तपस्वी रत्न बहन सरोज अशोक कुमार भटेवरा के निवास पर पहुंचकर तपस्या की सुखदाता पूछते हुए उनके तप की अनुमोदना की। श्री वर्धमान स्थानक वासी जैन श्रावक संघ, अणु मित्र मण्डल ने यात्रा में भाग लेने वाले सभी श्रावक श्राविकाओं का इस सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

आयोजन | **संबंधित विभागों को सात दिवस में कार्यवाही पूर्ण करने के दिए निर्देश**

जल संरचनाओं के गेट बंद कर अधिकतम वर्षाजल संचयन सुनिश्चित करें : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

रतलाम। जिले में इस वर्ष अल्पवर्षा की स्थिति को देखते हुए उपलब्ध वर्षाजल का अधिकतम संरक्षण एवं संचयन सुनिश्चित किया जाएगा। आगामी महीनों में पेयजल, पशुओं के लिए पानी, सिंचाई तथा भू-जल स्तर के संरक्षण की दृष्टि से जिले में निर्मित जल संरचनाओं में उपलब्ध पानी को यथासंभव रोकने के निर्देश कलेक्टर अजय कटेसरिया ने संबंधित विभागों को दिए हैं।

कलेक्टर श्री कटेसरिया ने निर्देशित किया है कि जल संसाधन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा अन्य

संबंधित विभागों एवं एजेंसियों द्वारा निर्मित एवं संधारित सभी चेक डैम, स्टॉप डैम, एनीकट तथा गेटयुक्त अन्य जल संरचनाओं का तत्काल स्थल निरीक्षण कराया जाए।

सात दिवस में पूर्ण करें कार्रवाई

संबंधित अधिकारी अपने विभाग के अंतर्गत आने वाली जल संरचनाओं की कुल संख्या, निरीक्षण की गई संरचनाओं की संख्या, गेट बंद की गई संरचनाओं की संख्या, मरम्मत योग्य संरचनाओं की संख्या तथा वर्तमान जलभराव की स्थिति का संकलन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। गेट बंद करने की कार्यवाही प्राथमिकता से सात दिवस में पूर्ण की जाएगी। प्रत्येक जल संरचना के संबंध में गेट बंद करने के पूर्व एवं पश्चात के जियो-टैग फोटो सुरक्षित रखे जाएंगे। कलेक्टर श्री कटेसरिया ने कहा कि वर्तमान वर्ष की वर्षा स्थिति को देखते हुए जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्यवाही करते हुए उपलब्ध वर्षाजल के अनावश्यक बहाव को यथासंभव रोकें तथा अधिकतम सुरक्षित जल संचयन सुनिश्चित करें।

जिन जल संरचनाओं में तकनीकी एवं सुरक्षा की दृष्टि से जल संचयन किया जाना उपयुक्त है, उनके गेट एवं शटर तत्काल बंद कर वर्षाजल का अधिकतम सुरक्षित संचयन सुनिश्चित किया जाए।

गेट बंद करने से पूर्व संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि जल संरचना सुरक्षित स्थिति में है तथा जल संचयन से किसी ग्राम, आबादी, सड़क, पुल-पुलिया, कृषि भूमि अथवा अन्य परिसंपत्ति को जलभराव या क्षति की आशंका नहीं है। आवश्यकता होने पर जल संसाधन विभाग अथवा संबंधित तकनीकी अधिकारी से संरचना का परीक्षण कराया जाएगा।

जिन जल संरचनाओं के गेट अथवा शटर क्षतिग्रस्त हैं, अनुपलब्ध हैं अथवा क्रियाशील नहीं हैं, उनकी तत्काल मरम्मत अथवा आवश्यक व्यवस्था कराई जाएगी। ऐसी संरचनाओं की पृथक सूची तैयार कर संबंधित विभाग के जिला प्रमुख द्वारा समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।